# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका अगस्त 2025




नगर पालिक निगम भिलाई

# आयुक्त ने निर्माणाधीन रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं उद्यानों का निरीक्षण किए

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई नेहरू नगर अंतर्गत अशोक उद्यान, कोसा नगर शासकीय स्कूल, कुसुम कानन नर्सरी, नेहरू नगर रैश्ने आवास एवं जोन 03 अंतर्गत शांति पारा का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। आयुक्त ने नेहरू नगर पश्चिम स्थित अशोक उद्यान में चल रहे उद्यान संधारण कार्य का अवलोकन किया। उद्यान के अंदर कारपेट ग्रास लगाने का कार्य प्रगति पर है, जिसे जल्द ही पूरा करने जोन आयुक्त अजय राजपूत को निर्देशित किया गया है। कोसा नगर स्थित शासकीय हाई स्कूल परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण हेतु गड्डा खोदा गया है, जिसका निरीक्षण किया गया और रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम शीध्र निर्माण हेतु सहायक अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा को निर्देशित किया गया। नेहरू नगर स्थित कुसुम कानन नर्सरी के अंदर 2 फाउन्टेन पूर्व से स्थापित है। जिसमें से एक फाउन्टेन संचालित है और दुसरा फाउन्टेन बंद है, जिसका अवलोकन कर यथाशीध्र संधारण कराने निर्देशित किया गया। नेहरू नगर स्थित एल.आई.जी. अटल आवास में पेयजल आपूर्ति एवं नालियों की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपअभियंता बसंत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, सहायक उद्यान अधिकारी संजय शर्मा उपस्थित रहें। जोन 03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत शांति पारा रोड में पेयजल आपूर्ति एवं साफ-सफाई का निरीक्षण आयुक्त ने वार्ड पार्षद विनोद चेलक के साथ किए। बीएसपी आवास के पीछे बैक लाईन की सफाई व्यवस्था के संबंध में नोटिस देने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किए हैं। इस दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, त्रिलोचन एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



# आयुक्त ने प्रगति मार्केट में निर्मित दुकानों के संचालन प्रक्रिया में लाई तेजी

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई जोन-04 अंतर्गत प्रगति मार्केट के संचालन, प्रस्तावित नाली, एस.एल.आर.एम. सेंटर, सीमेंटीकरण रोड एवं साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। आयुक्त ने जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे के साथ जोन क्रमांक 04 खुर्सीपार अंतर्गत प्रगति मार्केट का निरीक्षण कर निर्मित दुकानों के संचालन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति ऑफर की प्रक्रिया अविलंब करने निर्देशित किये है। दुकानों का नियमानुसार किराया निर्धारण हेतु महापौर परिषद के बैठक में रखा जाएगा । वार्ड क्रं. 38 सोनिया गांधी नगर में अधोसंरचना मद से प्रस्तावित नाली निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया। शासन को प्रस्ताव भेजा गया है, स्वीकृति पश्चात कार्य कराया जाएगा। वार्ड क्रं. 42 गौतम नगर में एस.एल.आर.एम. सेंटर का विस्तार हेतु निर्माण किया जा रहा है। जहां घरो एवं दुकानों से निकलने वाले कचरे को एकत्रित कर पृथक्करण किया जाएगा। एकत्रित कचरे को छाटकर खाद निर्माण एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों को पुनः निर्माण हेतु भेजा जाएगा। वार्ड क्रं. 43 बापू नगर में निर्माणाधीन सीमेंटीकरण रोड का निरीक्षण कर पर्याप्त पानी सिंचाई करने निर्देशित किया गया। साथ ही वार्ड में चल रहे साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिए कार्यरत कर्मचारियों को सफाई में समस्या आने पर जोन आयुक्त को सूचित करने निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान  कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी उपस्थित रहे।






नगर पालिक निगम भिलाई

# हर घर तिरंगा के तहत प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया

भिलाईनगर। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्र के प्रति भावना और हर घर एक तिरंगा लगाने के साथ शहर को साफ-सुथरा बनाये रखने नागरिको में जन जागरूकता लाने अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के नेतृत्य में इसकी शुरूवात सुपेला घड़ी चौंक से होते हुए लक्ष्मी मार्केट तक रैली निकाला गया। इसमें सड़क किनारे फूटपाथ पर व्यवसाय करने वालो कौ शहर की साफ-सफाई में विशेष योगदान देने प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने हेतु जागरूक किया गया। फल एवं ठेला संचालकों द्वारा प्लास्टिक उपयोग करने पर जप्ती की कार्यवाही कर समझाइस दिया गया है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल शहर के नागरिकों को प्लास्टिक मुक्त अभियान में सहयोग करने हेतु अपील विशेष किए हैं । हम सभी को अपने जीवन के हर एक गतिविधियों में प्लास्टिक का बहिष्कार करना है, जिससे आने वाले समय में प्लास्टिक के भयावह दुष्परिणाम से बचा जा सके। हम सभी प्लास्टिक से दूरी बनाकर अपने जीवन को सुखमय एवं स्वास्थ्य पूर्ण बना सकते हैं। 7 अगस्त से चल रहे हर घर तिरंगा एवं हर घर स्वच्छता अभियान में प्रति दिवस की गतिविधि अलग-अलग है। जागरूकता रैली में जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी, कमलेश द्विवेदी, अतुल यादव, पीआईयू, अभिनव ठोकने, सुभम पाटनी, एल.एल.आर.एम. सेंटर की महिलाए एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




## नगर पालिक निगम भिलाई

# आयुक्त ने एस.एल.आर.एम. सेंटर एवं भवन निर्माण का किया निरीक्षण

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर अंतर्गत जोन कार्यालय, निर्माणाधीन एस.एल.आर.एम. सेंटर, सार्वजनिक शौचालय, भवन निर्माण एवं अवैध निर्माण का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने किया निरीक्षण। निगम आयुक्त द्वारा जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे के साथ जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार में जोन कार्यालय का निरीक्षण किया गया। टंकी के नीचे बने कमरा में बारिश के पानी से दिवालों एवं सिलिंग में सीपेज आ रहा है, जिसका संधारण कराने निर्देशित किया गया। वार्ड क्रं. 51 शहीद वीर नारायण सिंह नगर में निर्माणाधीन एस.एल.आर.एम. सेंटर का निरीक्षण कर कार्य समय पर पूर्ण करने निर्देशित किया गया। समीपस्थ सार्वजनिक सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर बंद पड़े पंप का संधारण हेतु निर्देशित किया गया। केयरटेकर से साफ-सफाई के संबंध में चर्चा किया गया। निगम आयुक्त द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर में रोड साईड में निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता रखते हुये कार्य करने निर्देशित किये। शासकीय जमीन पर अवैध रूप से पार्किंग बनाकर कब्जा किया गया है और वहां बड़े वाहनो को खड़ा किया जा रहा है, जिसे हटाने सहायक राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया गया। पर्यावरण एवं धूलमूक्त शहर की संकल्पना हेतु राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (नेशनल क्लिन एयर प्रोग्राम) में इस रोड को शामिल कराने प्रस्ताव भेजे जाने हेतु जोन आयुक्त को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रिया करसे उपअभियंता चन्द्रकांत साहू, चंदन निर्मल, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



**नगर पालिक निगम भिलाई**

# निगम के अधिकारी/कर्मचारियो को ई-आफिस प्रणाली के संचालन हेतु प्रशिक्षण दिया गया

भिलाईनगर। सरकार के मंशानुरूप विभागीय कार्यो में कसावट लाने एवं अविलंब कार्यो के संचालन हेतु ई-आफिस प्रणाली लागू किया गया है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार ई-आफिस प्रणाली के संचालन हेतु निगम के सभी अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके माध्यम से सभी विभाग प्रमुखो का डिजिटल सिक्नेचर के माध्यम से आनलाईन किसी भी विभागीय पत्र, नोटशीट एवं आवश्यक दस्तावेजो को डिजिटलाइज कर अन्य विभाग में भेजा जाएगा। इससे नस्ती को आगे बढ़ाने एवं विभागीय कार्य कम से कम समय में किया जा सकेगा। ई-आफिस से कार्य लगभग पेपर लेस हो जाएगा।

साथ ही नस्ती गुमने या इधर-उधर होने का समस्या नहीं होगा। प्रोग्रामर सुश्री दिप्ती साहू ने प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तार से बिन्दुवार प्रशिक्षण करवाई। आगामी समय में पूरी कार्यलायीन प्रकिया ई-आफिस के माध्यम से संचालित होना है जिसके परिपेक्ष्य में संचालनालय एवं मंत्रालय जैसे कार्यालयों में लगभग एक माह पूर्व से ही कार्यप्रारंभ कर दी गयी है। नगर निगम भिलाई में भी आयुक्त महोदय द्वारा डिजिटलाइज हस्ताक्षरयुक्त पत्र जारी किया गया है। साथ ही स्वस्थ्य अधिकारी एवं अन्य अधिकारी द्वारा भी डिजिटलाइज हस्ताक्षरयुक्त पत्र जारी किया गया है।

आने वाले समय में नगर निगम की पूरी कार्यप्रणाली ई-आफिस के माध्यम से संचालित होगी। अधिकारी/कर्मचारियों का गोपनीय चरित्रावली ई-आफिस के माध्यम से भरा जायेगा। ई-आफिस रायपुर एन.आई.सी. के मनीटरिंग में संचालित किया जा रहा है। जल्द ही सभी शासकीय कार्यो का नोटशीट एवं पत्राचार ई-आफिस प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

# आयुक्त ने विभिन्न निर्माणाधीन कार्यो का किया निरीक्षण

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत सीसी रोड निर्माण, मोहल्ले एवं नालियों की सफाई, जीव्हीपी प्वाइंट, निर्माणाधीन डोम शेड, स्कूल एवं वेडिंग जोन का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। आयुक्त ने वार्ड पार्षद पति दिवाकर के साथ वार्ड क्रं. 32 बैकुण्ठधाम मंदिर के पीछे निर्माणाधीन सी.सी.रोड का निरीक्षण किया। वहां मोहल्ले एवं नालियों की साफ-सफाई सहित का निरीक्षण किया गया। आवश्यक सुधार हेतु जोन स्वास्थ्य अधिकारी बिरेन्द्र बंजारे को निर्देशित किया गया है स्थानीय निवासियों से मिलकर समस्याओं के बारे में चर्चा किए। वार्ड में निर्माणाधीन डोम शेड का अवलोकन किया गया, कार्य अविलंब पूर्ण करने कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल को निर्देशित किया गया है। जीव्हीपी प्वाइंट में ब्यूटीफिकेशन कराते हुये सुधार कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। समीपस्थ युग निर्माण स्कूल का निरीक्षण कर स्कूल संचालक से जमीन एवं बिल्डिंग के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने कहां गया है।

चूकि स्कूल भवन बहुत पुराना है भवन संधारण कराने हेतु चर्चा किया गया। वार्ड क्रं. 37 पावर हाउस लाल मैदान में डोम शेड निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है, जिसका स्थल अवलोकन किया गया। समीपस्थ स्थित पुलिस ग्राउण्ड के सामने नंदनी रोड साईड वेडिंग जोन निर्माण हेतु स्थल अवलोकन कर कार्यावाही हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक चूड़ामंणी यादव एवं श्याम ठाकुर उपस्थित रहे।

# आयुक्त ने खुर्सीपार में निर्माणाधीन पानी टंकी का किया निरीक्षण

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 04 खुर्सीपार अंतर्गत निर्माणाधीन पानी टंकी, डोम शेड, सीमेंटीकरण रोड एवं इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय  द्वारा किया गया। आयुक्त ने वार्ड क्रं. 45 में निर्माणाधीन उच्च स्तरीय क्षमता वाले पानी टंकी का निरीक्षण किया। पानी टंकी के निर्माण से क्षेत्र के लगभग 5000 परिवारों को पानी की समस्या से निजात मिल जाएगा। साथ ही निचली बस्तीयों में कम प्रेशर के कारण पानी नहीं पहुंच पाता, उन्हे भी पर्याप्त पानी मिल सकेगा। समीपस्थ निर्माणाधीन डोम शेड का निरीक्षण कर निर्माण कार्य अविलंब पूर्ण करने निर्देशित किया गया है। आयुक्त ने श्रीराम चौंक समीपस्थ गली अंदर किए गए सीमेंटीकरण रोड का अवलोकन किया। सी.सी. रोड के निर्माण हो जाने से नागरिको को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगा। वार्ड क्रं. 51 में पूर्व से निर्मित इंडोर स्टेडियम है, जिसका संधारण कार्य प्रगति पर है, उक्त स्टेडियम का निरीक्षण कर कार्य शीध्र पूर्ण कराने निर्देशित किया गया है। सामने रिक्त स्थल में स्वीमिंग पुल निर्माण हेतु जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे द्वारा चर्चा किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी उपस्थित रहे।



नगर पालिक निगम भिलाई

# महापौर परिषद की बैठक में विभिन्न विकास कार्यो को मिली मंजूरी

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई में महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में आहूत की गई। बैठक में प्रमुख रूप से 11 एजेण्डा विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। जिसमें एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरों का पृथकीकरण एवं सामग्रीयों का क्रय, अनुपचारित ठोस अपशिष्ट के बायोरेमिडिएशन, सालिड वेस्ट मैनेजमेंट, 77 एमएलडी जलशोधन संयंत्र में आनग्रिड सोलर प्लांट, हाइड्रोलिक एलिवेटर का किराया निर्धारण, सक्शन कम जेटिंग मशीन का किराया निर्धारण, जलकर, संपवेल, पंप हाउस एवं राइजिंग पाईन लाईन जैसे विषयों का शामिल किया गया। स्वच्छता दीदीयों के माध्यम से 6 नग नवनिर्मित एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरों के पृथकीकरण तथा गीले कचरे से खाद तैयार करने, स्वच्छ भारत मिशन के दिशा निर्देशानुसार निगम क्षेत्रांतर्गत नवनिर्मित एस.एल.आर.एम. सेंटर हेतु सामग्री क्रय किये जाने के कार्य को महापौर परिषद के सदस्यों ने विचार करते हुए सहमति प्रदान किए। गोकुल नगर कुरूद के पास जामुल स्थित शेष अनुपचारित ठोस अपशिष्ट के बायोरेमिडिएशन, 15वें वित्त आयोग अंतर्गत सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के कार्य को कराये जाने की सर्व सम्मति से पारित किया गया। चंद्रा मोर्या अंडरब्रिज के पास आफग्रिड सोलर प्लांट स्थापना कार्य को परिवर्तन कर 77 एमएलडी जलशोधन संयंत्र में आनग्रिड सोलर प्लांट स्थापित करने के कार्य को महापौर परिषद के सदस्यों से मंजूरी दी। हाइड्रोलिक एलिवेटर एवं सक्शन कम जेटिंग मशीन को किराया निर्धारण करने पर विचार करते हुए सहमती प्रदान किया गया। नगर निगम भिलाई के 2.72 एमएलडी जलशोधन संयंत्र से क्लीयर वाटर प्रदाय हेतु संपवेल, पम्प हाउस एवं राइजिंग मेन पाईप लाईन बिछाने हेतु सदस्यों ने मंजूदी प्रदान की। महापौर परिषद की बैठक महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, साकेत चंद्राकर, केशव चैबे, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, चंद्रशेखर गंवई, नेहा साहू, मन्नान गफ्फार खान, रीता सिंह गेरा सहित उपायुक्त सह सचिव नरेन्द्र कुमार बंजारे, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी, लेखाधिकारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# आयुक्त ने गोकुल नगर में निर्मित पीएम आवास एवं वृक्षारोपण का किया निरीक्षण

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 02 वैशाली नगर अंतर्गत कुरूद गोकुल नगर में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास, बायो गैस स्थापना हेतु चयनित स्थल एवं कुरूद स्थित न्यू एस.एल.आर.एम. सेंटर के आस-पास प्लांटेशन का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निरीक्षण किया। कुरूद गोकुल नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वंदे मातरम में निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण आयुक्त पाण्डेय एवं कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत लाटरी में चयनित हितग्राहियों को अविलंब आवास उपलब्ध कराने के उददेश्य से आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया है। 30 मकानों का कार्य लगभग पूर्णतः की स्थिति में है। गोकुल नगर से निकलने वाले गोबर के सदुपयोग हेतु बायो गैस प्लांट स्थापना किया जाना है, जिसके लिए रूचि की अभिव्यक्ति आफर जारी की जा चुकी है। आयुक्त द्वारा कार्यपालन अभियंता सह भवन अधिकारी के साथ स्थल का निरीक्षण किया गया हैं। जिससे बायो गैस प्लांट की स्थापना का कार्य सुचारू रूप से किया जा सके। रिक्त स्थल में मियावाकी पद्वति से सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। जिससे क्षेत्र की हरियाली बढ़ाने एवं मिनी फारेस्ट बनाने में सहयोग मिलेगा। मियावाकी पद्वति से वृक्षारोपण का मुख्य उददेश्य कम क्षेत्रफल में सघन पौधो का रोपण कर मानव के साथ-साथ जीव जन्तुओ एवं पशु पक्षियों हेतु एक अनुकुल वातावरण एवं माहौल निर्माण करना होता है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता दीपक देवांगन, एजेंसी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




**Editorial Board**

श्री राजीव कुमार पाण्डेय
रा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई



**Contact & Address**

श्री तिलेश्वर साहू
प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई